**NEWS CLIPPING:14.10.2023**

# THE IMPRESSIVE TIMES

## J.C. BOSE UNIVERSITY ORGANIZES FREE HEALTH CHECK-UP CAMP

**FARIDABAD(TIT NEWS ):** With a view to create awareness about health issues, the Health Centre of J.C. Bose University of Science and Technology, YMCA, Faridabad in collaboration with Metro multispeciality Hospital, Faridabad organised a free Health Check-up Camp in the University premise. A team of doctors from Metro multispeciality Hospital including Dr. Munish Kumar Jain, Cardiologist and Dr. Heena, Physician accompanied by their proficient paramedical staff conducted the camp. Dean Student Welfare Prof. Munish Vashishath also took inspected the camp and availed the opportunity to undergo a thorough health check-up. The Vice-Chancellor Prof. S.K. Tomar appreciated the efforts made by the Health Centre for conducting a health awareness program for the benefit of University students and staff. The program was successfully organized under the guidance of Dr. Ankur Sharma, Medical Officer, and coordinated by the staff of the Health Centre. During the camp, doctors provided free consultations to the staff and students. In addition to this, free Blood Pressure Check-ups, Blood Sugar Check-ups, and ECGs were also carried out to create awareness about health-related issues. Over 150 staff and students attended the Camp for the health check-up and availed of the benefit.



**NEWS CLIPPING:14.10.2023**

# DAINIK JAGRAN

## शिविर में एकत्र हुआ 210 यूनिट रक्त



डा. सूरज प्रकाश आरोग्य केंद्र की ओर से वाईएमसीए यूनिवर्सिटी में लगाए गए रक्तदान शिविर में रक्तदाताओं का उत्साह बढाते हुए आयोजक ● सौः केंद्र।

**जासं, फरीदाबाद** : डा.सूरज प्रकाश आरोग्य केंद्र की ओर से जेसी बोस वाईएमसीए यूनिवर्सिटी में आयोजित रक्तदान शिविर में 210 यूनिट रक्त एकत्र किया गया। वाइस चांसलर प्रो.सुशील तोमर मुख्य अतिथि थे। संयोजक समीर शर्मा के साथ डा.सूरज प्रकाश आरोग्य केंद्र से डा.रमेश अग्रवाल, अशोक गोयल, राकेश गुप्ता, विनय गुप्ता तथा विवेक अग्रवाल का शिविर के आयोजन में सहयोग रहा।

**NEWS CLIPPING:14.10.2023**

# NAVBHARAT TIMES

## शिविर में छात्रों के स्वास्थ्य की जांच की



**एनबीटी न्यूज, फरीदाबाद :** छात्रों में स्वास्थ्य को लेकर जागरूकता पैदा करने के उद्देश्य से जेसी यूनिवर्सिटी में मेट्रो अस्पताल के सहयोग से निशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर लगाया गया। इसमें छात्रों को विभिन्न बीमारियों से बचाव के उपायों के बारे में जानकारी दी गई। मेट्रो अस्पताल के डॉ.मुनीश कुमार जैन व डॉ.हिना स्टाफ के सहयोग से शिविर का संचालन किया। शिविर के दौरान डीन स्टूडेंट वेलफेयर प्रफेसर मनीष वशिष्ठ ने शिविर का जायजा लिया व अपनी जांच करवाई। कार्यक्रम को चिकित्सा अधिकारी डॉ.अंकुर शर्मा के देखरेख में आयोजित किया गया। शिविर में ब्लड प्रेशर चेक-अप, ब्लड शुगर चेक-अप व ECG जांच की गई। लगभग 150 से अधिक छात्रों व कर्मचारियों ने कैंप का लाभ उठाया।

**NEWS CLIPPING:14.10.2023**

# PUNJAB KESARI

## एसएनडी पब्लिक स्कूल के छात्रों ने किया जेसी बोस वि.वि का शैक्षणिक दौरा



फरीदाबाद, 13 अक्तूबर (पूजा): एसएनडी पब्लिक स्कूल, पलवल के विद्यार्थियों ने जे.सी. बोस विज्ञान और प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, वाईएमसीए, फरीदाबाद के संचार और मीडिया तकनीकी विभाग में स्थापित अत्याधुनिक डिजिटल स्टूडियो का दौरा किया। इसका उद्देश्य छात्रों को व्यावहारिक अनुभव देना था। यह दौरा विभाग के अध्यक्ष डॉ. पवन सिंह के मार्गदर्शन में आयोजित किया गया। विद्यार्थियों ने विभाग के स्टूडियो, नियंत्रण कक्ष और स्टूडियो में उपयोग किए जाने वाले उपकरणों के कार्यों का व्यावहारिक अनुभव लिया।

**J. C. Bose University of Science and Technology, YMCA, Faridabad**
*(formerly YMCA University of Science and Technology)*
A State Govt. University established wide State Legislative Act. No. 21 of 2009
SECTOR-6, FARIDABAD, HARYANA-121006
Ph. 129-2310127 | email:proymcaust@gmail.com | web: www.jcboseust.ac.in

**NEWS CLIPPING:14.10.2023**

# PIONEER

# एसएनडी पब्लिक स्कूल के छात्रों ने वाईएमसीए का शैक्षणिक दौरा किया



पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

## विद्यार्थियों ने शैक्षणिक दौरे में सीखीं अनेक महत्वपूर्ण बातें

**जेसी** बोस विज्ञान और प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, वाईएमसीए, फरीदाबाद के संचार और मीडिया तकनीकी विभाग में स्थापित अत्याधुनिक डिजिटल स्टूडियो का दौरा एसएनडी पब्लिक स्कूल, पलवल के विद्यार्थियों ने किया। जिसका उद्देश्य छात्रों को व्यावहारिक अनुभव देना था। यह दौरा विभाग के अध्यक्ष डॉ. पवन सिंह के मार्गदर्शन में आयोजित किया गया।

इस दौरे के माध्यम से विद्यार्थियों ने विभाग के स्टूडियो, नियंत्रण कक्ष और स्टूडियो में उपयोग किए जाने वाले उपकरणों के कार्यों का व्यावहारिक अनुभव लिया। विद्यार्थियों को विभाग के संकाय सदस्यों से मिलने और बातचीत करने का भी मौका मिला तथा स्टूडियो एवं ऑडियो उपकरणों से संबंधित नवीनतम तकनीकों की जानकारी ली।

छात्रों ने रेडियो प्रोडक्शन रूम की आंतरिक कार्यप्रणाली के बारे में भी जानकारी ली। इस दौरान उन्होंने रेडियो स्टेशनों के माध्यम से कार्यक्रम के लाइव प्रसारण का अनुभव भी लिया तथा रेडियो प्रसारण के तकनीकी पहलुओं को भी समझा। विभाग के संकाय और स्टाफ सदस्यों ने विद्यार्थियों के साथ अपने अनुभव भी सांझा किए और उन्हें मीडिया पाठ्यक्रमों के महत्व के बारे में बताया। इस दौरान विद्यार्थियों ने इलेक्ट्रॉनिक मीडिया और न्यू मीडिया का प्रत्यक्ष अनुभव मिला। दौरे का समन्वयन विभाग में डॉ. भारत धीमान (सहायक प्रोफेसर) और पंकज सैनी (प्रोडक्शन असिस्टेंट) द्वारा किया गया। इस अवसर पर अनेक विद्यार्थी एवं शिक्षक मौजूद रहे।

J. C. Bose University of Science and Technology, YMCA, Faridabad
*(formerly YMCA University of Science and Technology)*
A State Govt. University established wide State Legislative Act. No. 21 of 2009
SECTOR-6, FARIDABAD, HARYANA-121006
Ph. 129-2310127 | email:proymcaust@gmail.com | web: www.jcboseust.ac.in

**NEWS CLIPPING:14.10.2023**

# AMAR UJALA

## सांस्कृतिक और भौगोलिक सीमाओं पर हुई चर्चा

फरीदाबाद। जेसी बोस विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय में यूनिवर्सल ह्यूमन वैल्यूज प्रकोष्ठ की ओर से सार्वभौमिक मानवीय मूल्यों पर तीन दिवसीय फैकल्टी डेवलेपमेंट प्रोग्राम हुआ। इस दौरान सांस्कृतिक, धार्मिक और भौगोलिक सीमाओं पर चर्चा हुई। उद्घाटन डीन प्रोफेसर संदीप ग्रोवर ने की। डीन स्टूडेंट वेलफेयर प्रो. मुनीश वशिष्ठ और समन्वयक डॉ. बिंदु मंगला रहीं। संवाद

**NEWS CLIPPING:14.10.2023**

## AMAR UJALA

# पलवल के स्कूली छात्रों ने जेसी बोस का किया दौरा

फरीदाबाद। जेसी बोस विज्ञान और प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के संचार और मीडिया तकनीकी विभाग में स्थापित अत्याधुनिक डिजिटल स्टूडियो का शुक्रवार को एसएनडी पब्लिक स्कूल (पलवल) के विद्यार्थियों ने निरीक्षण किया। इस दौरान छात्रों ने वीडियो और फोटोग्राफी के संबंध में कई जानकारी एकत्रित की। विभागाध्यक्ष डॉ. पवन सिंह ने विद्यार्थियों को स्टूडियो, नियंत्रण कक्ष और स्टूडियो में उपयोग किए जाने वाले उपकरणों के कार्यों के विषय में जानकारी दी। संवाद

**NEWS CLIPPING:14.10.2023**

# NAVBHARAT TIMES

## छात्रों ने तैयार किया समाचार-पत्र

**एनबीटी न्यूज, फरीदाबाद :** जेसी बोस यूनिवर्सिटी के मीडिया विभाग ने अपने न्यूज पेपर संचार के नए विशेषांक का विमोचन किया। इस दौरान हरियाणा केंद्रीय यूनिवर्सिटी महेंद्रगढ़ के कुलपति डॉ.टंकेश्वर कुमार, गुड़गांव यूनिवर्सिटी के कुलपति प्रफेसर दिनेश कुमार, जेसी बोस यूनिवर्सिटी के कुलपति प्रफेसर सुशील कुमार तोमर उपस्थित रहे। संचार व मीडिया प्रौद्योगिकी विभाग की डीन प्रफेसर पूनम सिंघल, विभागाध्यक्ष डॉ.पवन सिंह के निर्देशन में पत्रकारिता के पीजी छात्र संचार न्यूज पेपर निकलते हैं। विभागाध्यक्ष डॉ.पवन सिंह ने बताया कि छात्र समाचार लेखन के साथ अन्य लेख, कविता लेखन, यूनिवर्सिटी की गतिविधियों से संबंधित समाचार व फोटो की व्यवस्था करते हैं। पत्र को एमए जर्नलिज्म के छात्र दीपू, सोनाली, सौरभ, इशिका रावल, तन्नू, ममता, काजल, पूजा व कोऑर्डिनेटर सीनियर प्रशिक्षक दुष्यंत त्यागी व प्रोडक्शन असिस्टेंट रामरसपाल सिंह ने तैयार किया।

**NEWS CLIPPING:14.10.2023**

# PUNJAB KESARI

## जेसी बोस वि.वि. में 'संचार' के विशेषांक का विमोचन

फरीदाबाद, 13 अक्तूबर (पूजा): जेसी बोस विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, वाईएमसीए, फरीदाबाद के संचार एवं मीडिया प्रौद्योगिकी विभाग द्वारा संचालित न्यूज पेपर संचार के नए विशेषांक का विमोचन किया गया। जिसमें हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय महेंद्रगढ़ के कुलपति प्रो डॉ. टंकेश्वर कुमार, गुरुग्राम विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो दिनेश कुमार, जेसी बोस विश्वविद्यालय वाईएमसीए के कुलपति प्रो. सुशील कुमार तोमर की गरिमामयी उपस्थिति रही।